दहेज नहीं मिलने पर महिला को बेरहमी से पीटा

न्याय के लिए दायर किया वाद पत्र

चित्रकूट। जब जिला प्रशासन किसी पीड़ित को इंसाफ नहीं दे पाता तो वह न्यायालय की शरण लेकर न्याय पाने का प्रयास करता है। इसी क्रम में ही थाना पहाड़ी के एक ग्राम की महिला ने न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन एसीजेएम के न्यायालय में वाद पत्र दायर करते हुए फरियाद लगाई है कि उसके प्रकरण में उसे इंसाफ दिया जाए।

प्रकरण था ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा मांगा गया दहेज न मिल पाने पर उसके साथ पशुवत क्रियाकलाप किए गए। कुल्हाड़ी व डंडो से उस पर कई प्रहार किए। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके पति ने क्रूरता की हद उस समय पार कर दी जब उसे मारपीट करने के बाद उसके प्राइवेट पार्ट में लोहे का रॉड डाल दिया गया। जिससे वह रक्तरंजित होकर बेहोश हो गई। होश आने पर चीखपुकार करती रही। आरोप लगाया कि सास और ससुर ने अभद्र भाषा का प्रयोग कर कहा कि इसको काटकर बोरे में भरकर नदी में फेंक दो। बताया कि वह बेसुध होकर सब सुन रही थी। एक पड़ोसी महिला ने मां को फोन कर सूचना दी तो देर रात उसकी मां और गांव के कुछ लोग उसके ससुराल पहुंचे। उस दौरान ससुराली लोग मौके से भाग गए। मां उसे अपने साथ मायके ले आई। मां ने ही पहाड़ी थाना जकर घटना की लिखित सूचना दिया। उसे लेकर पहाड़ी सीएचसी में इलाज कराया, लेकिन इलाज की कोई पर्ची व डाक्टरी मुआयना की कोई पर्ची नहीं दी गई। पीड़िता ने पुलिस पर आरोप लगाया कि आरोपियों से मिलकर डाक्टरी रिपोर्ट और पर्चा गायब करा दिया गया। बताया कि वह देशी इलाज कराती रही। चलने फिरने योग्य होने पर न्यायालय में उक्त वाद पत्र दायर कर इंसाफ की फरियाद लगाई है।



प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण करते सीडीओ।



जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते डीएम।

जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। इस मौके पर उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण, विद्युत विभाग, कार्यदायी फर्मों, आईएसए एजेंसियों एवं टीपीआई के प्रतिनिधि मौजूदद रहे। समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि जनपद में कुल ४१४ ग्रामों के सापेक्ष ३५५ ग्रामों में नियमित जलापूर्ति, ३७१ ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन तथा २४७ ग्रामों में हर घर जल प्रमाणीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। डीएम ने एलएंडटी, जीवीपीआर एवं रेट्रोफिटिंग परियोजनाओं की कार्यदायी फर्मों को पाइप लाइन, हाउस कनेक्शन, स्काडा ऑटोमेशन, नियमित जलापूर्ति एवं हर घर जल प्रमाणीकरण के अवशेष कार्य निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही रोड रेस्टोरेशन अभियान के अंतर्गत अवशेष क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों, सीएचसी, पीएचसी, पुलिस थानों एवं पंचायत भवनों में अवशेष हाउस कनेक्शन पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति प्रारंभ कराने तथा चांदी बंगार ग्राम समूह पेयजल योजना के सीडब्ल्यूआर पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। ग्रामीण पेयजल संबंधी समस्याओं एवं जानकारी के लिए जल सारथी ऐप तथा जल जीवन मिशन की वेबसाइट का उपयोग कर सकते हैं।

८९ क्वार्टर देसी शराब बरामद, पांच गिरफ्तार

चित्रकूट। एसपी अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री की रोकथाम को चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने पांच आरोपियों को ८९ क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। मऊ थाना के एसआई रामअधार सिंह ने टीम के साथ राजकुमार रैदास पुत्र स्व नत्थू रैदास निवासी बंदई मजरा तितौली को २० क्वार्टर देशी शराब, सरधुवा थाना के एसआई अनन्त कुमार तिवारी ने टीम के साथ छोटेलाल पुत्र स्वामीदीन निवासी रैपुरवा को १८ क्वार्टर देशी शराब, बरगढ़ थाना के एसआई रमेश सिह यादव ने टीम के साथ केशरी प्रसाद कोल उर्फ देवमनि कोल पुत्र गोकुल प्रसाद कोल निवासी खारा थाना पनवार रीवा मप्र को २० क्वार्टर देशी शराब, कोतवाली कर्वी के एसआई राजेश कुमार ने टीम के साथ संतराम पुत्र शिवरतन निवासी गोलतालाब को १२ क्वार्टर देशी शराब, भरतकूप थाना के एसआई अतेन्द्र कुमार चौहान ने टीम के साथ महेन्द्र कुमार उर्फ जीतू गुप्ता पुत्र रामकिशोर गुप्ता निवासी गोडा को १९ क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

स्पाट फोटोग्राफी प्रतियोगिता में शिवानन्द मौर्य प्रथम

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की शृंखला में शुक्रवार को स्पॉट फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्र.ति विषय पर आधारित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी फोटोग्राफी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में शिवानन्द मौर्य ने प्रथम, रजनीश कुमार गौतम ने द्वितीय और आ.ति राव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार ३१ अक्टूबर को विश्वविद्यालय परिसर स्थित महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी सभागार में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर. के. सिंह करेंगे। समारोह में विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शोधार्थी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे।

डांडिया महोत्सव में की मनमोहन प्रस्तुति

जौनपुर। लायंस क्लब रॉयल द्वारा बदलापुर पड़ाव के एक हाल में डांडिया महोत्सव संपन्न हुआ। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों, डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियों और संगीत की मधुर धुनों के बीच पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा। क्लब के सदस्यों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए आयोजन को यादगार बना दिया कार्यक्रम की भव्य सफलता पर क्लब अध्यक्ष लायन अभिताश गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों, पूर्व अध्यक्षों, कार्यक्रम संयोजकों, निर्णायक मंडल, प्रतिभागियों एवं समस्त रॉयल परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन किसी एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे रॉयल परिवार के प्रेम, विश्वास, समर्पण एवं सामूहिक प्रयासों की जीत है । कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष अजय गुप्ता पूर्व अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर एवं निवर्तमान अध्यक्ष संजीव साहू जी ने आए हुए सभी निर्णायक मंडलों का माल्यार्पण करते हुए स्वागत किया अध्यक्ष अभिताश गुप्ता ने आयोजन के प्रमुख सहयोगियों एवं कार्यक्रम संयोजकों राजेश अग्रहरि, राजेश किशोर, विनोद अग्रहरि, रवि गुप्ता, वैभव प्रधान एवं बृजेश विश्वकर्मा की विशेष सराहना की माल्यार्पण एवं अंग वस्त्रम के साथ स्वागत किया। बच्चों की प्रतियोगिता में आदित्य साहू को बेस्ट चाइल्ड तथा प्रियांशी सोनकर को बेस्ट चाइल्ड रनर-अप चुना गया इसी प्रकार बेस्ट कपल का खिताब अजय मोदनवाल को मिला, जबकि बेस्ट कपल रनर-अप के लिए नीरज गुप्ता को विजेता घोषित किया गया।



बरसात से खराब हो रही धान की गिरी फसल।

किसानों की उम्मीदां पर बारिश ने फेरा पानी, कटाई बोवाई पिछड़ना तय

मुंगराबादशाहपुर जौनपुर। मछलीशहर तहसील क्षेत्र में शुक्रवार की भोर से हो रही झमाझम बारिश किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर रही है। मुंगराबादशाहपुर व मछलीशहर क्षेत्र की प्रमुख फसल धान है। चक्रवात की बरसात से धान की कटी पकी फसल बुरी तरह बर्बाद हो रही है। जो फसल काटी नही गयी है वह गिर गयी है। कैसे काटी जायेगी किसानो को चिन्ता इस बात का है। इस सम्बन्ध में बामी गांव के किसान रवीन्द्र सिंह ने बताया कि अभी मुश्किल से २० से २५ प्रतिशत तक ही धान की कटाई हो पाई है। बारिश और हवा से धान की लम्बी प्रजातियों की फसल धराशाई हो रही है। सरसों, मटर,चना की बुआई का भी पिछड़ना तय है। सबसे ज्यादा नुकसान बोई गई आलू को लेकर है।अधिक बारिश से आलू के बीज खेतों में सड़ जायेंगे।आज की बारिश रबी खरीफ दोनों फसलों को बुरी तरह प्रभावित कर रही है।

जनगणना के दूसरे चरण के प्रशिक्षण का सीडीओ ने किया निरीक्षण

प्रगणकों, सुपरवाइजरों को दिये आवश्यक निर्देश

चित्रकूट। मुख्य विकास अधिकारी अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी डीपी पाल द्वारा तहसील कर्वी में जनगणना २०२७ के द्वितीय चरण के अंतर्गत चल रहे प्रशिक्षण स्थल सुषमा स्वरूप इंटरनेशनल स्कूल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षुओं को जनसंख्या गणना से संबंधित कार्यों, सर्वेक्षण की प्रक्रिया तथा सही एवं सटीक आंकड़ों के संकलन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्वगणना के महत्व पर विशेष जोर देते हुए अधिक से अधिक परिवारों को स्वगणना के प्रति जागरूक करने एवं इसके लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने प्रशिक्षुओं को जनगणना के दौरान प्रत्येक परिवार से संपर्क स्थापित करने, निर्धारित प्रश्नों के अनुसार सही जानकारी प्राप्त करने तथा उसे मोबाइल एप्लीकेशन में सावधानीपूर्वक दर्ज करने की प्रक्रिया को गंभीरता से समझने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना देश के विकास एवं भविष्य की योजनाओं के निर्माण का एक महत्वपूर्ण आधार है इसलिए इस कार्य को पूरी जिम्मेदारी, निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता के साथ संपन्न किया जाना आवश्यक है। उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा प्रशिक्षुओं की शंकाओं का समाधान सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। अंत में उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं प्रशिक्षुओं से जनगणना कार्य को शुद्धता, पारदर्शिता एवं गोपनीयता के साथ संपन्न करते हुए शत प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने की अपेक्षा की।

फसल बीमा का लाभ लेने के लिए टोल फ्री नंबर पर दर्ज करायें शिकायत

चित्रकूट। उप कृषि निदेशक जेएल गुप्ता ने जनपद के सिकानों से अपील की है कि खरीफ २०२६ में मौसम की स्थिति खराब जैसे बेमौसम बारिश ओलावृष्टि, जलभराव, जल प्लावन, भूस्खलन, बादल फटना तथा आकाशीय बिजली से प्रा.तिक आग जैसी अधिसूचित घटनाये होने की सम्भावना है। इस स्थिति में यदि क्षेत्र में खेत में कटी पड़ी फसलों को बेमौसम बारिश ओलावृष्टि से नुकसान पहुँचता है तो प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जिन किसानो का खरीफ २०२६ अंतर्गत फसलों का बीमा है और उनकी फसल को नुकसान हुआ है केवल वही किसान व्यक्तिगत स्तर पर योजना के नियमानुसार आपदा घटित होने के ७२ घंटे के अंदर भारत सरकार के टोल फ्री नंबर १४४४७ पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज कराएं। तदोपरांत योजना के नियमानुसार संयुक्त गठित टीम के द्वारा सर्वेक्षण किया जाएगा।



पैदल गश्त करती पुलिस टीम।

शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ बनाये रखने के लिए पुलिस ने किया पैदल गश्त

चित्रकूट। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारियों के नेतृत्व में जनपद के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों द्वारा अपने क्षेत्र के मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों एवं भीड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त किया। इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया गया।

इसके अतिरिक्त सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकानों, रेलवे स्टेशनों, होटल, ढाबों तथा वाहनों की चेकिंग की गई। संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच कर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई।

बेमौसम बारिश और तेज हवाओं से किसानों की फसलों को भारी नुकसान, बढ़ी चिंता

चित्रकूट। अचानक मौसम में आए बदलाव और सुबह से लगातार हो रही रिमझिम बारिश ने जनपद के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बारिश और तेज हवाओं के चलते किसानों की धान की फसल को भारी नुकसान होने की आशंका है। भारतीय किसान यूनियन के मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि खेतों में कटकर पड़ी धान की फसल लगातार बारिश के कारण भीगकर खराब होने लगी है। वहीं खेतों में खड़ी धान की फसल तेज हवाओं और बारिश के चलते जमीन पर गिर गई है। इससे किसानों को फसल की कटाई, मड़ाई और उपज को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। बारिश के कारण धान की फसल में दाग लगने और गुणवत्ता खराब होने की आशंका है। जिससे किसानों को मंडियों में उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाएगा। पहले से ही खेती की बढ़ती लागत और अन्य समस्याओं से जूझ रहे किसानों के सामने अब मौसम की मार एक नई मुसीबत बनकर खड़ी हो गई है। किसानों का कहना है कि यदि अगले एक-दो दिनों तक इसी तरह बारिश जारी रही तो पिछले वर्ष की भांति इस बार भी धान की फसल में भारी नुकसान हो सकता है। इससे किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है।

बारिश में भींगते परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचे अभ्यर्थी

जौनपुर । जिल में पेट की पहली पाली शुक्रवार सुबह १० बजे शुरू हुई। जिले के ३२ केंद्रों पर १६,६९६ अभ्यर्थी परीक्षा दे रहे हैं। केंद्रों में सुबह ८:३० बजे से प्रवेश शुरू हुआ और ९ बजे तक प्रवेश दिया गया।एडीएम परमानंद झा ने बताया कि पेट की लिखित परीक्षा ३० अक्टूबर और १ नवंबर को होगी। दोनों दिन परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह १० बजे से दोपहर १२ बजे तक और दूसरी पाली दोपहर ३ बजे से शाम ५ बजे तक चलेगी।

बारिश को देखते हुए सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए हैं कि रास्ते में परेशानी होने पर वे अभ्यर्थियों को अपने वाहन से परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने में मदद करें। इसका मकसद यह है कि कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा से वंचित न रहे। परीक्षा केंद्रों पर हाथ में कलावा बांधकर आने, महिलाओं के बालों में जुड़ा बांधने, हेयर पिन लगाने और कंगन-चूड़ियां पहनने पर रोक रही।

फार्मास्यूटिकल उद्योग में नौकरी के लिए कौशल जरूरी

जौनपुर । फार्मास्यूटिकल उद्योग में रोजगार प्राप्त करने के लिए केवल शैक्षणिक डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि तकनीकी दक्षता, व्यावहारिक ज्ञान, संचार कौशल और कार्य के प्रति जिम्मेदारी भी अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने कौशल का विकास करना चाहिए। यह विचार इंटास फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के क्वालिटी कंट्रोल हेड अजय मौर्य ने विज्ञान संकाय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए।कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. प्रदीप कुमार ने मुख्य वक्ता अजय मौर्य का परिचय प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्योग जगत के अनुभवी विशेषज्ञों से संवाद स्थापित करने तथा उनके अनुभवों से सीखकर अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया।व्याख्यान में श्री मौर्य ने फार्मास्यूटिकल उद्योग में रोजगार की संभावनाओं तथा आवश्यक व्यावसायिक कौशलों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि औषधि निर्माण के क्षेत्र में गुणवत्ता नियंत्रण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। दवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा और निर्धारित मानकों के अनुरूप परीक्षण सुनिश्चित करने के लिए विषयगत ज्ञान के साथ प्रयोगशाला में कार्य करने की दक्षता, विश्लेषणात्मक क्षमता, सूक्ष्म निरीक्षण तथा मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन करना आवश्यक है।उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपनी पढ़ाई के दौरान प्रयोगात्मक कार्यों पर विशेष ध्यान दें, प्रयोगशाला उपकरणों के संचालन का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करें तथा फार्मास्यूटिकल उद्योग में उपयोग होने वाली नवीन तकनीकों और प्रक्रियाओं से परिचित रहें। उन्होंने कहा कि टीमवर्क, समय प्रबंधन, अनुशासन, समस्या समाधान की क्षमता और प्रभावी संचार जैसे कौशल भी रोजगार प्राप्त करने तथा कार्यक्षेत्र में सफलता हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में डॉ. संजीव कुमार मौर्य ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

विधिक सहायता शिविर कल दीवानी न्यायालय में

जौनपुर। सिविल जज ,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुशील कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ०१ नवम्बर को विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाना है। ०१ नवम्बर को विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन पुलिस लाइन, में किया जाना था, किन्तु अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण अब उक्त कार्यक्रम का आयोजन दीवानी न्यायालय, में किया जा रहा है। उक्त शिविर में विभिन्न विभागों जिनके अन्तर्गत निर्बल वर्ग, दिव्यांगों, बच्चों, स्त्रियों, निर्धन वर्ग आदि हेतु जन कल्याणकारी योजना प्रचलित है, की लक्षित योजनाओं को चिन्हित कर उनका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना तथा लक्षित लाभार्थियों को चिन्हित कर उन्हें शिविर के माध्यम से लाभ प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।



दोनों रिकार्ड को देते दोनों रिकार्ड संस्थाओं के प्रतिनिधि।



जागरूक करते पुलिस कर्मी।

जेआरएचआरयू के नवनियुक्त कुलपति ने संभाला कार्यभार

चित्रकूट। जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो राम नारायण त्रिपाठी ने आधिकारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित समारोह के दौरान उन्होंने कार्यभार संभाला। इस अवसर पर कुलाधिपति के निजी सचिव रमापति मिश्र, कुलसचिव मधुरेन्द्र पर्वत तथा वित्त अधिकारी रमेश कुमार सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। पदभार ग्रहण करने के उपरांत विवि सभी संकायाध्यक्षों, कुलपति के विशेष कार्य अधिकारी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कुलपति से शिष्टाचार भेंट की और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवनियुक्त कुलपति ने विश्वविद्यालय के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक अधिकारियों के साथ एक परिचयात्मक बैठक की। उन्होंने विश्वविद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने, दिव्यांग छात्र-छात्राओं के कल्याण तथा उच्च शिक्षा के स्तर को और अधिक सु.ढ़ व सुलभ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

पुलिस ने साइबर जागरूकता अभियान चलाकर किया जागरूक

चित्रकूट। एसपी अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में आमजन को साइबर अपराधों से सुरक्षित एवं साइबर अपराध के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा साइबर जागरूकता माह अक्टूबर के तहत व्यापक स्तर पर साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक पीयूषकान्त राय एवं क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल विजय कुमार सिंह एवं उनकी टीम के मार्गदर्शन में जनपद के समस्त थानों की साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा थाना बरगढ़ में जीआआईसी कॉलेज, कोतवाली कर्वी पुलिस द्वारा केन्द्रीय विद्यालय, थाना राजापुर पुलिस द्वारा तुलसीघाट राजापुर एवं समस्त थानों द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर साइबर जागरूकता का नियमित अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं, छात्र, छात्राओं एवं अध्यापको को साइबर अपराधों के विभिन्न प्रकार, उनसे बचाव के उपाय तथा साइबर अपराध घटित होने की स्थिति में तत्काल की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस दौरान छात्र-छात्राओं एवं आमजन द्वारा साइबर अपराध से संबंधित पूछे गए प्रश्नों का समाधान करते हुए उन्हें सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए जागरूक किया गया।

जौनपुर में श्रीराम कथा में बना विश्व रिकार्ड, ११ करोड़ एक बार लिखा गया राम नाम

जौनपुर। धर्म आस्था और भक्ति के संगम के रूप मे आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा ने जौनपुर को एक नई पहचान दिलाई है। बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान में वरिष्ठ भाजपा नेता, उद्योगपति एवं समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस भव्य धार्मिक आयोजन में राम भक्तों ने ११ करोड़ एक बार राम नाम का लेखन कर अनूठी उपलब्धि हासिल की। इस रिकॉर्ड को इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। श्रीराम कथा के दौरान प्रख्यात कथावाचक आचार्य शांतनु जी महाराज के निर्देश और प्रेरणा से राम भक्तों ने राम नाम लेखन अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। भगवान श्रीराम के प्रति श्रद्धा और अटूट आस्था का परिचय देते हुए भक्तों ने सामूहिक रूप से ११ करोड़ एक बार राम नाम लिखने का लक्ष्य पूरा किया। इस आयोजन ने धार्मिक आस्था के साथ सामूहिक सहभागिता और आध्यात्मिक चेतना का भी संदेश दिया। राम नाम लेखन के इस विशेष अभियान की उपलब्धि को इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और एशिया बुक ऑफें वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान मिला। दोनों रिकॉर्ड संस्थाओं के प्रतिनिधि संजय भोला ने आयोजन के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह को प्रमाण पत्र सौंपा। प्रमाण पत्र मिलने के अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित लोगों ने खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट के बीच इस उपलब्धि का स्वागत किया और ज्ञान प्रकाश सिंह को बधाई दी। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर ज्ञान प्रकाश सिंह ने राम नाम लेखन अभियान में शामिल सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के प्रति लोगों की गहरी श्रद्धा, विश्वास और भक्ति के कारण यह अद्भुत रिकॉर्ड संभव हो सका है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय राम भक्तों की सहभागिता और समर्पण को दिया। ज्ञान प्रकाश सिंह ने इस उपलब्धि के लिए आचार्य शांतनु जी महाराज के प्रति विशेष आभार प्रकट करते हुए उनका अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि महाराज की प्रेरणा और मार्गदर्शन से श्रद्धालुओं को राम नाम लेखन जैसे आध्यात्मिक अभियान से जुड़ने का अवसर मिला। यह उपलब्धि जौनपुर एवं पूर्वांचल के लिये गौरव की बात है।

सरदार पटेल की जयंती की पूर्व संध्या पर की मूर्ति की साफ-सफाई

जौनपुर। कलेक्ट्रट के विकास भवन में लगी भारत रत्न सरदार पटेल की मूर्ति की साफ सफाई कर भाजपाइयों ने माल्यार्पण किया। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष ईशान जायसवाल के नेतृत्व में विकास भवन में स्थित देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री भारत रत्न, लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की भव्य मूर्ति की साफ सफाई कर ओबीसी मोर्चा के सभी पदाधिकारियों ने मल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की एवं उन्हें याद किया । उन्होने बताया कि २८ से ३१ अक्टूबर तक सबसे ऊंचे सरदार अभियान के नाम से इस वर्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा, उत्तर प्रदेश ने प्रदेश के सभी जनपदों में सरदार पटेल की जन्म जयंती मनाने का निर्णय लिया था। जनपद के सभी विधानसभाओं में प्रमुख स्थानों पर स्टेच्यू ऑफ यूनिटी के रूप में सरदार जी के बड़े बड़े कटआउट और बैनर पोस्टर लगाए गए, उसके अलाव जहां जहां उनकी स्मृति मूर्तियां हैं वहां साफ सफाई कर उनका माल्यार्पण और अपने पुष्पांजलि अर्पित किया गया तथा अंतिम दिन यानि उनके जन्म जयंती ३१ अक्टूबर को मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा में एक बड़ी जनसभा के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्यक्रम निश्चित है।

१५०० मीटरकी दौड़में सहारनपुरके राहुलने बाजी मारी

खिलाड़ियोंको राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य-मंडलायुक्त



मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में शुक्रवार को खेल, उत्साह और सांस्कृतिक छटा के बीच ७०वीं प्रदेशीय विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त डा.लोकेश एम. ने दीप प्रज्ज्वलित कर, ध्वजारोहण एवं रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर पांच दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस मौके पर विभिन्न मंडलों से आए खिलाडियों ने मार्च पास्ट किया, जिसकी मुख्य अतिथि ने सलामी ली। प्रतियोगिता के परिणामों में

अंडर-१९ बालक १५०० मीटर दौड़ में सहारनपुर के राहुल प्रथम स्थान पर रहे, जबकि आगरा के अजय द्वितीय एवं प्रयागराज के मान सिंह को तृतीय स्थान मिला। इसी तरह अंडर १७ बालक १५०० मीटर दौड़ में मो. समीर खान स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ, विनय कुमार विंध्याचल, अबू अनस स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ रहे। अंडर-१९ -१५०० मीटर दौड़ में प्रतिज्ञा पन्ना गोरखपुर, प्राची वर्मा प्रयागराज, खुशी तेवतिया मेरठ रहीं। अंडर १७ -१५०० मीटर दौड़ में छाया अग्रहरि अयोध्या, आरती यादव वाराणसी एवं चांदनी वाराणसी रहीं। इससे पूर्व उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें निखारने के अवसर उपलब्ध कराना हम सभी का नैतिक दायित्व है। खिलाड़ियों को उच्च स्तर तक पहुंचाने में प्रशिक्षकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। कोच अपने अनुभव और मार्गदर्शन से प्रतिभाओं को तराशकर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में अहम योगदान दे सकते हैं। संयुक्त शिक्षा निदेशक डा. बृजेश मिश्रा ने कहा कि प्रतियोगिता में शामिल

प्रयागराज खेल

खिलाड़ियों के अंदर ऐसा उत्साह और जज्बा होना चाहिए, जो उन्हें भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित करे। डीआईओएस डा. संतोष कुमार राय ने मंडलायुक्त के बहुमूल्य समय और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते हुए संयुक्त शिक्षा निदेशक सहित सभी सहयोगियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर एडीआईओएस जितेंद्र प्रताप सिंह, अजय कुमार गिरी और नीरज केसरी ने मुख्य अतिथि को बुके भेंटकर स्वागत किया।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, प्रतापगढ़/ फतेहपुर वृत्त, लो.नि.वि., प्रतापगढ़

अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

पत्रांक :4694/93सी/ई-टेण्डरिग/2026 दिनांक : 27.10.2026

1.महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, प्रतापगढ़/फतेहुपुर वृत्त, लो0नि0वि0, प्रतापगढ़ द्वारा उ.प्र. लो.नि.वि. मे पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी के पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दर के आधार पर निम्नलिखित कार्य की निविदा ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	जनपद	कार्य का नाम	निर्माण कार्य की अनुमानित लागत (रु. लाख में)	05 वर्ष का अनुरक्षण की लागत	कुल अनुमानित लागत (रु. लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	प्रतापगढ़	कमास हरिजन बस्ती सं0 मार्ग का निर्माण कार्य।	62.86	4.71	67.57	5.38	2714.00	05 माह
2	प्रतापगढ़	पारा हमीरपुर में बाबू का पुरवा से दांदूपुर दौलतपुर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	71.42	5.36	76.78	5.84	2714.00	05 माह

2. लोक निर्माण विभाग में निविदाओं मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से होगा, जिसका यू0आर0एल0 **http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/** है।

3. बिड डाकूमेन्ट वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर दिनांक 07.11.2026 से 13.11.2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगे। आन लाइन बिड दिनांक 13.11.2026 को दोपहर 12:00 बजे या इससे पूर्व ई-निविदा **http://etender.up.nic.in** पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जाये एवं आन लाइन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक 13.11.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी।

4. प्रथम न्यूनतम निविदादाता द्वारा निर्माण के उपरान्त 5 वर्ष का मार्ग अनुरक्षण कार्य भी किया जायेगा।

(ओ0पी0 चौरसिया)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.,
प्रतापगढ़

(एस0के0 गौतम)
अधीक्षण अभियन्ता,
प्रतापगढ़ वृत्त लो.नि.वि.,
प्रतापगढ़

website : www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।upid no.259961 Date : 30.10.2026